Title: Need to open another cooking gas agency in Shahabad district of Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, बिहार राज्य के भोजपुर जिले में रसोई गैस की भारी कमी है जबकि उस जिले की आबादी 22 लाख है। वहां एक ही गैस ऐजेन्सी है जिसमें कुल 30,000 रसोई गैस के उपभोक्ता हैं। यह बहुत पुराना जिला है, वहां कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी है, कालेज हैं और तीन सब डिविजन हैं जिसमें केवल एक ही गैस ऐजेन्सी है। मैंने पिछली बार भी मामला उठाया था लेकिन सरकार का ध्यान उस पर नहीं गया। एक ही गैस ऐजेन्सी होने के कारण लोगों को गैस के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है, ब्लैकमार्केटिंग होती है और ऊंचे दामों पर लोग नकली गैस की आपूर्ति करते हैं। मैं माननीय पैट्रोलियम और गैस आपूर्ति मंत्री से निवेदन करूंगा कि वहां एक और गैस ऐजेन्सी बनाए ताकि गैस की ब्लैकमेलिंग नहीं हो, गैस आपूर्ति में अनियमितताएं न हों और गैस की आपूर्ति आसानी से हो सके।